तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024

12 नगर में मानस तिहाई महोत्सव कल से


10 नोटिफेकेशन जारी होने के एक दशक बाद भी ...




## खबर संक्षेप

### जिला प्रशासन के खिलाफ बेरोजगार युवाओं का प्रदर्शन कल

**बालोद।** जिला कार्यालय में विभिन्न रिक्त पदों के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया को लेकर जिले के बेरोजगार युवाओं ने आपत्ति जताई और फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। अब इस मामले को लेकर बेरोजगार युवाओं ने शुक्रवार 26 जुलाई को दोपहर संयुक्त जिला कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इस प्रदर्शन में जिले के सैकड़ों बेरोजगार युवाओं के शामिल होने की बात कही जा रही है। सीधी भर्ती प्रक्रिया पर जिले के बेरोजगार युवा फर्जीवाड़ा कर प्रदेश के दूसरे जिलों के लोगों की भर्ती लेने का आरोप लगा रहे हैं। इस मामले को लेकर मंगलवार को युवाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सीधी भर्ती प्रक्रिया में हुए फर्जीवाड़े की जांच करने की मांग की थी। आज एक बार फिर जिले के बेरोजगार युवा कलेक्टोरेट पहुंच कर प्रदर्शन करने की बात कह रहे हैं।

अनदेखी: जनप्रतिनिधि व कलेक्टर को बता चुके समस्या, पर नहीं निकला हल

# छत से टपकते पानी के बीच बच्चे गढ़ रहे भविष्य झिल्ली से नहीं रूकता, तो छाता ओढ़कर पढ़ते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिकारीटोला में प्राथमिक शाला भवन के जर्जर होने के कारण बारिश होते ही छत से पानी टपकने लगता है। छत में लगाई झिल्ली जब पानी नहीं रोक पाता तो बच्चे छाता ओढ़कर अच्छा भविष्य गढ़ने खड़े होकर पढ़ाई करते हैं। इस समस्या से ग्रामीणों ने विधायक, कलेक्टर सहित अन्य अफसरों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है।

शिकारीटोला स्कूल की हालत जर्जर हो गई है। लगातार बारिश के बीच स्कूल की छत टपकने लगी है। इन्हीं सब परेशानियों को देखते हुए छत के ऊपर झिल्ली का तिरपाल भी बिछाया गया ताकि कक्षा में पानी ना टपके। लेकिन उसके बाद भी छत टपकने से अब बच्चे कक्षा में खड़े होकर पढ़ाई करने को मजबूर है। ग्राम शिकारी टोला में पुराना स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर अवस्था होने के बाद उसे तोड़ा गया। तोड़ने के बाद भी अब तक नये स्कूल भवन का कार्य शुरू तक नहीं हो पाया है। ग्राम शिकारी टोला में सालों पहले मिट्टी से बना एक स्कूल था, जिसमें पहली से लेकर 5 वीं तक की कक्षाएं लगाई जाती थी, जो की पूरी तरीके से जर्जर हो चुका था। जगह–जगह से स्कूल की छत टपकती थी कई जगह से स्कूल की दीवारों में दरार आ चुके थे और स्कूल की दीवारें भी गिर रही थी। उसी के ठीक बगल में दो कमरों का बना स्कूल भवन था, वह भी पूरी तरीके से जर्जर हो चुका है। वर्तमान में यह स्कूल भवन भी कई जगह से टपक रहा है, छत पर झिल्ली बिछाकर काम चलाया जा रहा है, जिसमें बच्चे बैठकर पढ़ने में मजबूर है। पालकों का कहना है कि अगर ऐसे ही हालात रहे तो हम अपने बच्चों को इस स्कूल से निकालकर किसी दूसरे स्कूल में भरती करने को मजबूर हो जाएंगे।

ग्राम के लोगों ने बताया कि स्कूल की जर्जर और खस्ता हालत को देख ग्रामवासियों द्वारा नया शाला भवन बनाने के लिए शासन और प्रशासन के लोगों को कई बार आवेदन दिया जा चुका हैं। गुण्डरदेही विधायक को नए स्कूल भवन के लिए 2 बार आवेदन दिया गया। बालोद कलेक्टर को भी इसके लिए लिखित में जानकारी दी गई थी।

**शिकारीटोला स्कूल भवन जर्जर, बारिश होते ही खड़े होकर पढ़ने को मजबूर**



### स्कूल में पानी भरा

उपसरपंच लाला राम साहू, शाला समिति पूर्व अध्यक्ष लोकेश्वर साहू, शाला समिति अध्यक्ष ललिता साहू, पूर्व सरपंच धमेंद्र ठाकुर, जागेश्वर साहू तथा अन्य ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान मौसम के कारण पूरा स्कूल पानी से भर गया है। दो पक्के कमरे हैं वहां छत पर तिरपाल बिछाई गई है क्योंकि वहां से पानी लगातार टपक रहा है। बच्चे केवल खड़े हो पा रहे हैं, बैठने की जगह तक नहीं है। स्कूल टूट जाने के 2 माह बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

### राशि तक स्वीकृत नहीं हो पाई

ग्राम बुरकाभाट सरपंच आश्रित ग्राम शिकारीटोला के द्वारा बताया गया कि नये साला भवन बनाने के लिए पुराने स्कूल भवन को तोड़ा गया है। नए भवन के लिए अभी तक राशि स्वीकृत नहीं हो पाई है।

# बरहीपारा मार्ग पर बना पुल बाढ़ में बहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत बरही के आश्रित मोहल्ला बरहीपारा मार्ग पर बना पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। जिसके कारण ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

■ ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी

छह दिनों की बारिश और पानी के तेज बहाव के कारण पुल की मिट्टी बह गई। पुल जर्जर होने के कारण टूटने के कगार पर है, हालांकि स्लैब का हिस्सा ठीक नजर आ रहा है, लेकिन पुल की एप्रोच टूट चुकी है, जिसके कारण मिट्टी का कटाव हो चुका है। पूरा पुल टूटने के कगार पर ▶▶| शेष पेज 11 पर

### पक्की सड़क का निर्माण नहीं

ग्राम बरही निवासी खोमशंकर ने बताया की बरहीपारा जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। लगभग 2 साल पहले मुरुम और गिट्टी डालकर सड़क का निर्माण किया गया था। जिसके माध्यम से आवागमन जारी है। यदि पक्की सड़क बन जाता तो ग्रामीणों को बेहतर सड़क की सुविधा उपलब्ध हो जाती।

# ग्रामीण ने बहिष्कृत करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम कोहंगाटोला के राधेलाल महार ने ग्राम के कुछ पदाधिकारियो पर उसे प्रतिबंध लगाकर ग्राम से बहिष्कृत करने का आरोप लगाते हुए जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है।

■ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संबंधितों पर कार्रवाई की मांग की

राधेलाल ने बताया कि किराना दुकान में आपसी लेनदेने के दौरान विवाद हो गया था। जिसके लिए दुकान मालिक क्षमा भी




मांग लिया था। लेकिन ग्राम कोहंगाटोला के जनप्रतिनिधि, दमदारों लोगों ने ने दण्ड स्वरूप 5000 हजार रुपए मांगा। जिसे नहीं देने पर मेरे खिलाफ झूठी रिपोर्ट कर मुझे तीन दिन के लिए ▶▶| शेष पेज 11 पर

# मोहलाई मुख्य मार्ग में गिट्टी डालने का काम शुरू

खबर का असर

**बालोद।** जिले के ग्राम मोहलाई के मुख्य मार्ग जो कीचड़ से भरा हुआ था, उसमें गिट्टी बिछाने का कार्य शुरू हो गया है।

दरअसल बुधवार को ग्राम मोहलाई के ग्रामीणों द्वारा गांव की कीचड़ भरी सड़क को लेकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन करते हुए गांव के सड़क में धान की रौपाई कर कर दी गई थी, इस पूरे मामले को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों व शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होते ही बारिश थमने के बाद गांव की कीचड़ से भरी सड़क में जीरो गिट्टी बिछाया गया और सड़क की स्थिति को सुधारने का कार्य किया गया।



पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप

### मेगा शिविर में एकत्रित हुए 152 यूनिट रक्त




**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित विशाल शिविर में 152 यूनिट रक्तदान किया गया है। शिविरमें डिप्टी सीएम अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भैयालाल राजवाड़े, उमेश पटेल फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, अध्यक्ष अंकित अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस ब्लड डोनर को टोकन आफ लव, प्रमाण पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया । राशि स्टील की संचालिका ज्योति अग्रवाल द्वारा डोनर्स को 100 हेलमेट एवं एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा द्वारा 50 हेलमेट प्रदान किया गए। इस दौरान अरुण साव ने कहा कि अरुण साव ने कहा, इस तरह के कार्यों से व्यक्ति को आत्मिक संतुष्टि और आंतरिक ऊर्जा मिलती है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से सैंकड़ों लोग की जान बचाने हमको मदद मिलेगी।

### कोल घोटाले की सुनवाई अगले महीने

**रायपुर।** कोल घोटाला मामले की न्यायिक रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को ईडी की विशेष अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाते हुए अगस्त माह कर दी है। मामले की अगली सुनवाई अब 24 अगस्त को होगी।

### मोबाइल चोरी करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक चश्मा रिपेयर करने वाले ने दो लोगों के खिलाफ मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, मृत्युंजय बैनर्जी ने कृष्णा यादव, विनय कुमार ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मृत्युंजय ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ सोया था, दूसरे दिन कृष्णा तथा उसके साथी ने उन पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### 26 को स्कूलों में मनाया जाएगा कारगिल दिवस

**रायपुर।** स्कूलों में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय को खत लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख अध्ययन केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। स्कूलों में भी इस संबंध में आयोजन करने कहा गया है।

### मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाया, लगा जुर्माना

रायपुर। जोरा मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाने संबंधित शिकायत मिलने पर जोन-9 अमले ने स्थल निरीक्षण किया। शिकायत सही पाए जाने पर कबाड़ी दुकान संचालक पर 20 हजार रुपए बतौर सड़क बाधा शुल्क जुर्माना लगाया। सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, उप अभियंता अतुल बंसल उपस्थिति में जनशिकायत का जोनस्तर पर निदान किया।

### आज सभी को कल्याण मित्र की आवश्यकता : विरागमुनि

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के पांचवें दिन बुधवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि ने कहा कि आपके अंदर जब आध्यात्मिक जाग जाए तो आपको केवल अपने आत्मा के कल्याण की ही सूझेगी, ताकि आपका मोक्ष का रास्ता आसान हो जाए। आज सभी को एक कल्याण मित्र की आवश्यकता है और उसके मिलने पर हमें उसके प्रति समर्पित भी रहना होगा। जीवन में कल्याण मित्र के साथ हमें पारदर्शिता बनाए रखनी होगी। आपको कल्याण मित्र की हर बात पर हां बोलनी होगी और वे जैसा कहें, उसे बिना किसी संकोच के मानना होगा। जो आत्मा की क्वालिटी का डेवलपमेंट करे, वैसा ही हमारा कल्याण मित्र होना चाहिए, जिसके सामने विचार करने की कोई जरूरत हमें नहीं पड़नी चाहिए।

# सालों पहले वाहन खरीदने-बिजनेस के लिए लिया लोन, अब घर-घर रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत लोन लेने वालों में सैकड़ों हितग्राहियों ने लोन लेने के बाद लोन की किस्त पटाना बंद कर दिए हैं। इसके कारण विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन भी रुक सा गया है। लोन की किस्त जमा नहीं होने के कारण विभाग से अब जरूरतमंद हितग्राहियों को भी लोन मिल नहीं पा रहा है। इधर प्रशासन ने पुराने हितग्राहियों से बचा लोन की रिकवरी के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके तहत अधिकारी अब 8 से 21 साल पहले लोन लेकर किस्त पटाना बंद कर चुके हितग्राहियों के घर-घर दस्तक दे रहे हैं और नोटिस थमाते हुए उनसे लोन की रिकवरी कर रहे हैं।

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत रायपुर जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगारों की योजना के तहत लघु बिजनेस करने के लिए 4 से 8 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन दिया जाता है। लोन के साथ हितग्राहियों को 10 हजार रुपए अनुदान राशि देने का भी प्रावधान है। साथ लोन आसान किस्तों में ढाई साल से लेकर पांच साल तक भुगतान करना होता है, जिससे हितग्राही पर मासिक किस्त की राशि का भार न पड़े। इन योजनाओं के तहत कोई लघु बिजनेस करने के लिए, कोई खेती-किसानी करने के लिए ट्रेक्टर ट्राली खरीदने तो कोई कोई ट्रांसपोर्टिंग या सवारी वाहन खरीदने के लिए लोन लिए हैं।

### 181 के खिलाफ नोटिस जारी 57 से वसूली

विभाग ने लोन की किस्त पटाना बंद करने वाले 181 हितग्राहियों की सूची तैयार की थी। इनके खिलाफ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इस नोटिस के बावजूद हितग्राही लोन की किस्त जमा नहीं कर रहे थे। विभागीय अधिकारी अब इस मामले में हितग्राहियों के घर-घर दस्तक देकर संपत्ति कुर्की करने का नोटिस दे रहे हैं। इसके भय से अब कई हितग्राही एक मुश्त में तो कई हितग्राहियों ने किस्त पटाना शुरू कर दिया है।

**केस 1**

ग्राम पचरी निवासी उमेश टंडन ने ट्रेक्टर ट्राली खरीदने के लिए वर्ष 2007 में 6 लाख का लोन लिया था। करीब 50 हजार पटाने के बाद उमेश ने किस्त देना बंद कर दिया था। विभाग ने जब आरआरसी जारी करने के लिए अंतिम नोटिस दिया तो कार्रवाई के भय से उसने एक मुश्त में 38 हजार ब्याज सहित शेष राशि 4 लाख 67 हजार रुपए को चेक के माध्यम से जमा कराया।

**केस 2**

कुकुरबेड़ा आमानाका निवासी प्रहलाद भारती ने वर्ष 2003 में ट्रेक्टरट्राली खरीदने के लिए 4 लाख रुपए लोन लिया था। करीब सालभर किस्त पटाने के बाद उसने भी जमा करना बंद कर दिया था। नोटिस मिलने के बाद प्रहलाद ने शेष 3 लाख 79 हजार रुपए का भुगतान किया है।

■ अंत्यावसायी योजना के तहत लोन लेने के बाद हितग्राहियों ने किस्त जमा करना छोड़ा, विभाग कर रहा रिकवरी



### 320 हितग्राहियों पर डेढ़ करोड़ से अधिक का लोन बकाया

अब तक जिले में 320 हितग्राहियों पर एक करोड़ 64 लाख 36 हजार 822 रुपए का लोन बकाया है। इनमें कई हितग्राही लोन की किस्त देना बंद कर दिए हैं, जिन्हें अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

### डेढ़ साल में 57 को एनओसी

विभाग ने पिछले डेढ़ साल में 57 हितग्राहियों से बकाया लोन की राशि रिकवरी की है। इन सभी हितग्राहियों को एनओसी भी जारी कर दिया गया है।

**केस 3**

ग्राम भिलाई आरंग निवासी सुनीता भारती ने वर्ष 2017 में फैंसी स्टोर खोलने के लिए 2 लाख रुपए का लोन लिया था। 60 हजार रुपए का भुगतान करने के बाद उसने भी किस्त जमा करना बंद कर दिया था। विभाग की नोटिस के बाद सुनीता ने भी शेष राशि 1 लाख 40 हजार रुपए जमा करा दिया है।

**केस 4**

आमापारा रायपुर निवासी नीतिन महानंद ने सफाई कामगार योजना के तहत ई-रिक्शा खरीदी के लिए वर्ष 2018 में लोन लिया था। रिक्शा खरीदी के बाद उसने 50 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया। नोटिस के बाद उसने भी शेष राशि का भुगतान कर दिया है।

### आरआरसी नोटिस देकर रिकवरी कर रहे

जिन हितग्राहियों ने किस्त पटाना बंद कर दिया है, उनके खिलाफ आरआरसी नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के बाद कई हितग्राही किस्तों में और कई एक मुश्त में राशि लौटा रहे हैं।

- **सुरेश कुमार वर्मा**, कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी विभाग रायपुर

## एक दशक में देश में बन चुके हैं नौ नए टाइगर रिजर्व

# नोटिफिकेशन जारी होने के एक दशक बाद भी गुरु घासीदास नहीं बन सका टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गुरु घासीदास नेशनल पार्क को एनटीसीए ने वर्ष 2014 में टाइगर रिजर्व घोषित करने सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने के बाद वर्ष 2022 में अंतिम स्वीकृति दे दी है। बावजूद इसके तत्कालीन राज्य सरकार ने खनिज विभाग की रिपोर्ट के आधार पर गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व घोषित नहीं किया। इस मामले को लेकर वर्ष 2019 में एक जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से टाइगर रिजर्व बनाने को लेकर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक हाईकोर्ट के जवाब मांगे जाने के बाद वन विभाग तथा शासन स्तर पर गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने विधि के विशेषज्ञों से राय मशविरा ले रहा है। 29 जुलाई को राष्ट्रीय बाघ दिवस है, इस अवसर पर राज्य सरकार टाइगर रिजर्व को लेकर कोई बड़ी घोषणा कर सकती है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह की सरकार ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने वर्ष 2012 में एक प्रस्ताव तैयार किया। प्रस्ताव बनाने के बाद वर्ष 2014 में प्रस्ताव एनटीसीए के पास भेजा, प्रस्ताव मिलने के तत्काल बाद एनटीसीए ने टाइगर रिजर्व बनाने सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मामला ठंडे बस्ते में जाता देख मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी वन्यजीव प्रेमी अजय दुबे ने वर्ष 2019 में हाईकोर्ट में टाइगर रिजर्व बनाने को लेकर जनहित याचिका दायर की है।

### कोर्ट से तीसरी बार जवाब देने समय मांगा

गुरु घासादीस को टाइगर रिजर्व घोषित करने हाईकोर्ट मार्च तथा अप्रैल में दो बार शासन से जवाब तलब कर चुकी है। दोनों बार राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से जवाब देने समय की मांग की थी, लेकिन तकनीकी कारणों से सरकार कोर्ट में जवाब पेश नहीं कर पाई। इसके बाद तीसरी दफा हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा है और कोर्ट ने शासन को जवाब देने चार सप्ताह का समय दिया है।



■ पूर्ववर्ती रमन सरकार ने घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने अनुसंसा की थी

*टाइगर का कॉरिडोर है घासीदास नेशनल पार्क : गौरतलब है कि राज्य बनने के पूर्व गुरु घासीदास नेशनल पार्क मध्यप्रदेश स्थित संजय दुबारी टाइगर रिजर्व का हिस्सा था। राज्य बनने के बाद 1440 वर्ग किलोमीमटर में फैला गुरु घासीदास नेशनल पार्क संजय दुबारी टाइगर रिजर्व से अलग हुआ है। देश में अंतिम चीता के साथ ही वर्ष 1951 में व्हाइट टाइगर का मूवमेंट भी यहीं देखा गया था।*

*दो हजार वर्ग किलोमीटर में बनना है टाइगर रिजर्व*

*गौरतलब है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क का क्षेत्रफल 1440 वर्ग किलोमीटर तक फैला है। टाइगर रिजर्व में गुरु घासीदास के साथ तमोर पिंगला का क्षेत्र भी शामिल करना प्रस्तावित है। इस लिहाज से टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 2048 वर्ग किलोमीटर का होगा। जानकारों के मुताबिक गुरु घासीदास के अलग टाइगर रिजर्व बनने के बाद क्षेत्र में हाथी समस्या पर भी अंकुश लगेगा। इसके साथ ही गुरु घासीदास के टाइगर रिजर्व बनने से यह देश का सबसे बड़ा टाइगर कॉरिडोर होगा। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व से संजय दुबारी के साथ बांधवगढ़ तथा झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व जुड़ा हुआ है।*

### एक दशक में नौ नए टाइगर रिजर्व

राज्य में वन्यजीवों खासकर बाघ के संरक्षण संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ कितना गंभीर है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2014 के बाद से देश में नौ नए टाइगर रिजर्व बन चुके हैं, लेकिन गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने वर्ष 2014 के बाद कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। जो नए 10 टाइगर रिजर्व बने हैं, उसकी सूची इस प्रकार से हैं..

- उत्तरप्रदेश, पीलीभीत टाइगर रिजर्व- 2014
- महाराष्ट्र, बोर टाइगर रिजर्व - 2014
- उत्तराखंड, राजाजी टाइगर रिजर्व - 2015
- असम, ओरंग टाइगर रिजर्व - 2016
- अरुणाचल प्रदेश, कामलांग टाइगर रिजर्व - 2017
- तामिलनाडु, श्रीविल्लीपुथुर मेगामलाई टाइगर रिजर्व - 2021
- राजस्थान, रामगढ़ टाइगर रिजर्व - 2022
- मध्यप्रदेश, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व - 2023
- राजस्थान, धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व - 2023

# चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने भंसाली से की मुलाकात मनोनयन पत्र सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ चैंबर चुनाव के लिए शिवराज भंसाली मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शिवराज भंसाली से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनयन संबंधी पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव ने संयुक्त रूप से बताया, चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक में चैंबर चुनाव-2024 को चुनाव कराने शिवराज भंसाली को सर्वसम्मति से मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। चैंबर चुनाव के लिए उनसे चर्चा के बाद उन्होंने अपनी स्वीकृति दी। बुधवार को उनसे मुलाकात कर मनोनयन पत्र दिया गया।

इस अवसर पर चैंबर सलाहकार मगेलाल मालू, संजय रावत, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश भंसाली, मंत्री जितेंद्र गोलछा जैन, जयराम कुकरेजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।


**लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से मिली हरी झंडी**

# नालंदा परिसर की तर्ज पर 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को "नॉलेज बेस्ड सोसायटी" यानी "ज्ञान आधारित समाज'' के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने संकल्पित है। उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी की सौगात दी है, जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वित्त विभाग ने रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी के लिए 85 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 9 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है।



### ओपी ने मुख्य बजट भाषण में किया था जिक्र

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने मुख्य बजट भाषण में भी इसका जिक्र करते हुए कहा था कि युवाओं के अध्ययन के लिए नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी निर्माण किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि इन केंद्रों को ''नॉलेज बेस्ड सोसायटी'' यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाए, ताकि ये युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और सरकार के लिए एक आदर्श बन सके।

# लगातार बारिश से गिरा पारा वातावरण में लौटी ठंडक

■ दोपहर तक होती रही बारिश, थमने के बाद राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले ढाई दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे चला गया। इसके प्रभाव से वातावरण में ठंडकता लौट आई है। बुधवार को दोपहर तक शहर में बारिश का दौर चलता रहा।

लगातार हो रही बारिश से लोग उकता गए थे। इसकी वजह से जनजीवन भी प्रभावित होने लगा था। दोपहर बाद पानी बंद होने से लोगों ने राहत की सांस ली। जिले में अब पर्याप्त मात्रा में वर्षा होने से स्थिति सामान्य हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी कुछ दिनों तक बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। बारिश की गतिविधि थमने से सामान्य से चार डिग्री नीचे जाकर 26 डिग्री तक पहुंच चुका तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। मंगल-बुध की दरम्यानी रात काफी देर तक बारिश होती रही। सुबह माहौल ठंडा रहा, मगर बादल छाए रहे, जिसके दोपहर होने के बाद फिर से बरसने का दौर शुरू हो गया। तीन बजे के आसपास बारिश थमी और लोगों ने राहत महसूस की। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में 88 मिमी. बारिश हुई है। वहीं अभनपुर में 55.8, आरंग में 77.6, धरसींवा में 77.8, गोबरा-नवापारा में 61.3, खरोरा में 86.6, लाभांडी में 76, माना में 62.6, मंदिर हसौद में 76.7 तथा तिल्दा में 46.3 मिमी. बारिश हुई।



## 15 अगस्त तक बढ़ा समय

# 60 हजार से अधिक कार्ड धारकों का अब तक नहीं हुआ नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में 60 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों का अब तक नवीनीकरण नहीं हो पाया हैं। इनमें 90 प्रतिशत एपीएल कार्ड धारक हैं जिन्होंने अपना नवीनीकरण नहीं कराया है। विभाग नवीनीकरण कराने के लिए 30 जुलाई अंतिम तारीख निर्धारित की थी, लेकिन राजधानी सहित प्रदेशभर में इसकी संख्या लाखों में होने के कारण नवीनीकरण की तारीख 15 दिन बढ़ा दी गई है। इस तरह छूटे कार्ड धारकों को 15 अगस्त तक नवीनीकरण कराने का अवसर दिया गया है।

### जिले में 6 लाख से अधिक कार्ड धारक

रायपुर जिले में 6 लाख 5 हजार 828 कार्ड धारक हैं। इनमें करीब 5 लाख कार्ड धारकों ने नवीनीकरण करा चुका हैं, जिसके बाद उनके नये राशनकार्ड भी बन चुके हैं, वहीं 90 हजार से अधिक कार्ड अब तक बन नहीं पाए हैं। जिन कार्ड धारकों के नये कार्ड बन नहीं पाए है, उनमें 60 हजार से अधिक धारक ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया है।



### कईयों ने केवाईसी भी नहीं कराया

नवीनीकरण कराने के बाद कार्ड सदस्यों को ईकेवाइसी कराना अनिवार्य है। पीडीएस के ऑनलाइन साफ्टवेयर में इसके लिए धारकों का आधार कार्ड अपडेट कर उनकी उंगली स्कैन की जा रही है, ताकि कार्ड का कोई भी सदस्य राशन दुकान से खाद्यान्न ले जा सके। केवाईसी के बाद कार्ड का सदस्य ही राशन ले जा सकता है, कोई दूसरा नहीं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिले में जिन धारकों ने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया, उनमें ऐसे कई है, जिनके सदस्यों ने केवाइसी ही नहीं कराया है।

### नवीनीकरण नहीं कराने वालों के कार्ड होंगे ब्लॉक, नहीं मिल पाएगा राशन

विभागीय सूत्रों के अनुसार निर्धारित समय सीमा में नवीनीकरण नहीं कराने वाले कार्ड धारकों के कार्ड ब्लाक किए जाएंगे। इसके बाद उन्हें कार्ड बनवाने के लिए फिर से आवेदन करना होगा। इस दौरान तक उन्हें पुराने कार्ड पर राशन भी नहीं मिल पाएगा।

# बिना फार्मासिस्ट के संचालित होने वाली दवा दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस भी सस्पेंड

बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रही शंकर नगर की एक दवा दुकान को सील कर उसका ड्रग लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। शिकायत मिली थी कि दवा दुकान का लाइसेंस जिस फार्मासिस्ट के नाम पर लिया गया था, वह दवा कंपनी का एमआर है। एसोसिएशन बिना फार्मासिस्ट के संचालित होने वाली दवा दुकानों के खिलाफ अभियान चला रहा है। उनका आरोप है कि कोरोनाकाल से दवा दुकान खोलने की होड़ मच गई है और लोगों में फार्मासिस्ट की डिग्री किराए पर लेकर उनके नाम से लाइसेंस लेकर दवा दुकान खोल रहे हैं। दवाओं की समुचित जानकारी नहीं होने के बाद भी इसकी बिक्री करने से आम लोगों की जान को खतरा हो सकता है। इसी तरह की एक शिकायत पर शंकर नगर की एक दवा दुकान को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सील कर दिया है। आईपीए के सचिव राहुल वर्मा ने बताया कि दवा दुकान का संचालन बिना फार्मासिस्ट के किया जा रहा था। अपनी जांच के दौरान उन्होंने पाया कि दवा रत्निक फार्मा मेडिकल स्टोर का संचालन जिस फार्मासिस्ट के लाइसेंस के आधार पर किया जा रहा है, एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता है। शिकायत के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अपनी कार्रवाई की। वहीं स्टेट फार्मेसी काउंसिल को फार्मासिस्ट का पंजीयन रद्द करने के लिए रजिस्ट्रर को भी पत्राचार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्लेट मिल में आपदा प्रबंधन अभ्यास

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र का प्लेट मिल में आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने और आकस्मिक आपदा से निपटने दुर्घटना के दौरान बचाव कार्य से लेकर दुर्घटना पर काबू पाने माकड्रिल का आयोजन किया गया।

## निधन

### गोकुल राम साहू



**गुरूर।** ग्राम पेण्डरवानी निवासी गोकुल राम साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीक मुक्तिधाम में किया गया। वे सत्यवान साहू के पिता थे।

### वेंकटेश्वर भारद्वाज



**गुरूर।** ग्राम दानीटोला धमतरी निवासी वेंकटेश्वर भारद्वाज का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सोहद्वा भारद्राज के पुत्र, शीला भारद्राज के पति, अंग्राशु व अग्रिमा, अंशु के पिता थे।

### प्रीती चितवरकर



**गुण्डरदेही।** नगर में पदस्थ नायब तहसीलदार प्रीती चितवरकर का गुरुवार को राजनांदगांव में इलाज के दौरान निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि प्रीती चितवरकर गत एक साल से गुण्डरदेही में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ थीं। वे कुछ समय से अस्वस्थ थीं। उनका इलाज राजनांदगांव के अस्पताल मे चल रहा था, जहां आज उनका निधन हो गया।

### सुभाष मिश्रा



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व सरपंच खेरथा निवासी सुभाष मिश्रा का निधन 25 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 जुलाई को सुबह 10 बजे ग्राम खेरथा में किया जाएगा।

## समीक्षा: शिक्षा एवं निर्माण कार्य से जुड़े विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

# शालाओं में यदि निर्माण कार्य जारी तो कक्षा संचालन के लिए वैकल्पिक भवन की करें व्यवस्था: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

▪ अफसर सतत मानिटरिंग करें, गुणवत्ता का रखें ध्यान

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शिक्षा एवं निर्माण कार्य से जुड़े विभाग के अधिकारियों को जिले के निर्माणाधीन एवं अपूर्ण शाला भवनों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिससे की स्कूलों में सुचारू रूप से कक्षा संचालित करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। निर्माण पूरा नहीं होने पर कक्षा संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं लोक निर्माण एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आदि निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर शाला भवनों के प्रगतिरत, पूर्ण–अपूर्ण एवं अप्रारंभ निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्य की प्रगति की सतत मॉनिटरिंग करने व गुणवत्ता का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। जिससे कि सभी प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जा सके। श्री चन्द्रवाल ने निर्माण एजेंसी के रूप में कार्य कर रहे विभागों के अधिकारियों को भी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन शालाओं में निर्माण कार्य जारी है वहाँ सुचारू रूप से कक्षा संचालन हेतु वैकल्पिक भवन की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली।




### प्रगतिरत व अप्रारंभ कार्यों की ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने विकासखण्डवार शाला भवनों के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ निर्माण एवं मरम्मत के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से बारी–बारी से स्वीकृत शाला भवनों के निर्माण एवं मरम्मत आदि के कार्यों के अपूर्ण एवं अप्रारंभ होने के कारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शाला भवनों के निर्माण एवं मरम्मत के कार्यों के अंतर्गत बालिका शौचालय का निर्माण छत आदि की मरम्मत एवं ढलाई, विद्युतीकरण आदि के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

# छात्र-छात्राओं को दी गई तीन नए कानूनों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अरिहंत एकेडमी के छात्र–छात्राओं को पुलिस ने तीन नवीन कानून साइबर सुरक्षा, पोक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। जिसमे यातायात नियम, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस के संबध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग एवं साइबर ठगी के संबंध में आनलाइन फ्राड जैसे मातृत्व वंदना योजना, बिजली बिल ऑनलाईन भुगतान, फोन पे, गुगल पे, पेटीएम में कैश बैक ऑफर, टावर लगाने के नाम पर, केबीसी लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, लोन एप्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, एटीएम कार्ड का सुरक्षित उपयोग करें। एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने एवं साइबर क्राइम हेल्फ लाईन नं. 1930 की जानकारी दी गई। किशोर न्याय अधिनियम 2015 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट 2012) मानव, बाल तस्करी के संबंध में जानकारी, सखी सेंटर महिलाओं की सुरक्षा संरक्षण, व घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, चाइल्ड हेल्फ लाईन नं. 1098 की जानकारी साझा किया गया।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में महिला सेल से सीता गोस्वामी, सायबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक रूम लाल चुरेंद्र, आर रविकांत गंधर्व, आर योगेश गेडाम एवं अरिहंत एकेडमी बालोद से आलोक श्रीवास्तव प्राचार्य, अनम जैन डायरेक्टर, व शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे।

# चीचा नाला बाढ़ में फिर डूबा, ग्रामीण सालों से कर रहे बड़ा पुल बनाने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद जिले से लगभग 40 किलोमीटर के दूरी पर गुण्डरदेही ब्लॉक तहसील अर्जुन्दा के मध्य ग्राम चीचा नाला पर बने पुल पर तेज बारिश होते ही पानी चलने लगता है। जिससे आवागमन दो चार रोज के लिए बंद हो जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत पढ़ने वाले बच्चों का हो रहे हैं। सालों से इस पर बड़ा पुल बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद को कई बार ग्रामीणों ने इस नाला को ऊंचा करने के लिए आवेदन दे चुके हैं। क्षेत्र के जनपद सदस्य अनिल कुमार सोनी ने कहा कि कई बार इस नाला के लिए बड़ा पुल बनाने के लिए शासकीय संस्थाओ में आवेदन दे चुके हैं। शासन- प्रशासन स्तर पर इस संबंध में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह एक मुख्य मार्ग है, अर्जुंदा से अंडा जाते हैं। चार-पांच रोज की बारिश में आवागमन बंद हो गया था, जिससे राहगीरों को और सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है।



### नाले पर बनाया जाए नया पुल: सोनी



जनपद सदस्य अनिल कुमार सोनी ने कहा कि जल्द से जल्द इस नाले के ऊपर नया व ऊंचा पुल बनाया जाए। शासन- प्रशासन से इसके लिए कई बार गुहार लगा चुके हैं। जल्द से जल्द इस पर नया पुल बनाने की फिर मांग रखी गई, जिससे ग्रामीणों व विद्यार्थियों को राहत मिल सके है।

# सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ की थीम पर घर-घर बांटा गया डस्टबिन



**बालोद।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका प्रशासन द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ की थीम पर गुरुवार को वार्ड क्रमांक 2 में मधु चौक से लेकर रामदेव चौक तक गीला एवं सूखा कचरा रखने डस्टबिन वितरण किया गया। इस मौक पर बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, पार्षद कमलेश सोनी, मुख्यनगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक पूर्णानंद आर्य भी मौजूद रहें। उल्लेखनीय कि बालोद नगर पालिका के सभी 20 वार्डो में प्रत्येक घरों में चरणबद्ध तरीके से डस्टबिन का वितरण किया जाना है, जिसकी शुरुवात गुरुवार को वार्ड क्रमांक 2 से की गई है। आने वाले दिनों में पार्षदों और वरिष्ठजनों के माध्यम से इसे हर घर वितरण किया जाएगा। गुरुवार को डस्टबिन वितरण के दौरान पार्षद कमलेश सोनी ने अपने वार्ड के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सूखा एवं गीला कचरा को डस्टबिन में रखकर डोर टू डोर कचरा एकत्र करने वाली स्वच्छता दीदियों को दे। उन्होंने कहा कि कचरों को इधर उधर ना फेंके, घरों के आसपास साफ सफाई का माहौल होगा तो गंदगी में पनपने वाले मच्छर, मक्खी या अन्य जीव जंतु भी नही होंगे और सभी स्वस्थ भी रहेंगे। प्रतिदिन अपने घर के कचरों को कचरा गाड़ी में ही दे।

## पेज 9 के शेष

### बरहीपारा मार्ग पर ...

है, जिसके कारण आश्रित मोहल्ले के लोग का आवागमन प्रभावित नजर आ रहा है।यह बरहीपारा आने जाने का मुख्य मार्ग है, जहाँ से कार या अन्य चारपहिया वाहन नहीं गुजर सकता। हालांकि एक हिस्सा पानी के तेज बहाव में नहीं बह पाया है। जिसके कारण पुल के एक हिस्से से आवागमन जारी है जो कभी भी पानी के तेज बहाव और मिट्टी के कटाव होने से बंद हो सकता है। ग्राम बरही निवासी संतोष सिन्हा ने बताया की ग्राम पंचायत बरही और आश्रित ग्राम बरहीपारा की दूरी लगभग 2 किलोमीटर से ज्यादा है। जहाँ जाने के लिए कच्ची सड़क ही एक माध्यम है। जिसके मध्य में आने वाला पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। जिसके कारण लोग पैदल या मोटर सायकल के माध्यम से आवागमन कर रहे हैं। इमरजेंसी वाहन गाँव में नहीं जा सकता, वहीं पानी का तेज बहाव जारी रहा तो मार्ग और अधिक खराब हो सकता है, जिससे मोटर सायकल से भी आवागमन बंद हो जाएगा।

### ग्रामीण ने ...

जेल भिजवा दिया गया। उसी दिन उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा मुझे एवं मेरे पूरे परिवार को गांव से बहिष्कृत करने फरमान जारी कर दिया। मेरे पिताजी विगत 10 वर्षों से एक व्यक्ति के यहां कुट्टी मशीन में कार्य करने जाते थे, जिससे घर परिवार का भरण पोषण होता था।से वहां से भी काम करने के लिए मना कर दिया गया। जिससे मुझे एवं मेरे पिता को गांव में जीना दूभर हो गया है। मुझसे एवं परिवार वालों से दुर्भावना एवं रंजिश रखते हुए साजिश एवं षड़यंत्रपूर्वक लगभग 3 माह से गांव से बहिष्कृत कर शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है।

# प्राथमिक शाला चौनगंज को गणेश ने दिया साउंड सिस्टम



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला चौनगंज में गुरुवार को शाला प्रबंधन समिति के विशेष सदस्य चौनगंज निवासी गणेश दास मानिकपुरी ने स्कूल में बच्चों के होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य आयोजन के लिए एक साउंड सिस्टम भेंट किया। उक्त साऊड सिस्टम को शाला के प्रधान पाठक लक्ष्मीकांत चन्द्राकर, सहायक शिक्षक जगरीना मंडावी, प्रभा साहू व पुर्व छात्र फनेशवरी को सौंपा।

### लाटाबोड़ के बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई



बालोद। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लाटाबोड़ के बच्चों ने विधानसभा का भ्रमण कर कार्रवाई को नजदीक से देखने और समझा। विधानसभा की कार्रवाई को देखने के लिए स्कूल के बच्चे काफी उत्साहित थे। विधानसभा में विधायक संगीता सिन्हा से मिलकर छात्र छात्राएं काफी प्रसन्न थे। बच्चों ने अपने विधायक के साथ फोटो खिंचवाकर उस पल को यादगार बनाया।




न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)

**// सूचना //**

प्रति,
जगमोहन एक्का आ. बिरझूराम,
जाति उरांव, साकिन पाराबाई पारा,
थाना बसंतपुर, तहसील व जिला राजनांदगांव, हाल निवास ग्राम कोड़ेकसा, तहसील - डौण्डीलोहारा, जिला - बालोद
विषय :- पेशी में उपस्थित होने बाबत।

विषयांतर्गत इस न्यायालय के ई-रा.प्र.क्र. 202406243200049/अ-27 वर्ष 2023-24 के अनुसार पक्षकार प्रेमेन्द्र कुमार आ. गैंदसिंह एवं अन्य, साकिन कमरौद के नाम पर कुल ख.नं. 20, कुल रकबा 3.82 हे. भूमि का खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिस पर आपके द्वारा ख.नं. 451/1, रकबा 0.77 हे. भूमि का खाता विभाजन किये जाने का विधिक आपत्ति पेश किया गया है। जिसके संबंध में आपको ग्राम कोड़ेकसा तहसील डौण्डीलोहारा के नाम पर पंजीकृत नोटिस जारी किया गया था। जिसके प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.07.2024 नियत था किन्तु उक्त रजिस्टर्ड नोटिस तामिल नहीं हो पाया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रस्तुत आपत्ति के संबंध में दिनांक 12/8/2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पक्ष के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। उक्त पेशी दिनांक में उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**अर्जुन्दा, जिला-बालोद**

# चिपरा में छात्राओं को साइकिल का वितरण, परिसर में पौधारोपण भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

हाईस्कूल चिपरा में सायकल वितरण और वृहद पौधारोपण कार्यक्रम भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष देव लाल ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता वाले सरपंच कुमारी बाई भुआर्य और विशिष्ठ अतिथि जनपद सदस्य संजय बैंस रहे।

पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरपंच कुमारी बाई ने कहा कि गांव की विकास और हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल के उन्नयन करने की मांग की गई है। जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा की स्कूल परिसर बहुत सुंदर है। साफ सुथरा के साथ बहुत की व्यवस्थित है। इस स्कूल परिसर पर एक सुंदर सा गार्डन का निर्माण भी आप कर रहे है यहां पर जल्द एक ओपन जीम का भी निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि देव लाल ठाकुर द्वारा कक्षा नवमीं के छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अनुरूप हमारी बेटियों की शिक्षा में किसी भी प्रकार का अवरोध ना हो इसलिए सरस्वती सायकल योजना के तहत आज हम सायकल वितरण कर रहे हैं। ये बेटियां कल के भारत का भविष्य हैं। सरपंच ने गांव के विकास के लिए मुझे मांग पत्र दिया है। मुख्यमंत्री से चर्चा पर निश्चित रूप से विकास के लिए आगे बढ़कर सहयोग करेंगे।



### एक पेड़ मां के नाम पर में रोपे पौधे

श्री ठाकुर ने कहा कि हम सभी आदिवासी क्षेत्र के हैं। सभी प्रकृति के प्रेमी हैं। आज शाला परिवार एक पेड़ मां के नाम से एक सौ एक पौधे का पौधारोपण कर प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने को जो जिम्मा उठाए हैं, बहुत ही प्रशंसनीय है। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के व्याख्याता श्री साहू ने किया और आभार प्रभारी प्राचार्य श्री जांघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच जय प्रकाश पिस्दा पूर्व जनपद सदस्य बंशी राम रावटे उदेराम सिवाना डोमार सिंग कौशिक पंच सकुन बाई बेला बाई के साथ गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ईरागुड़ा स्कूल में छात्राओं को मिली साइकिलें



**गुण्डरदेही।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ईरागुड़ा में सरस्वती साइकिल योजना के तहत जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर ने 9 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच योगेश चंद्राकर, उप सरपंच कामता प्रसाद निर्मलकर, पंच उत्तम साहू, प्राचार्य सुनील चंद्राकर व स्टाफ उपस्थित था।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### काव्य गोष्ठी में शिक्षक नरोत्तम साहित्य श्री से सम्मानित

**बालोद।** गुरु पूर्णिमा पर रायपुर में वक्ता मंच द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह में सेजेस विद्यालय घोटिया में पदस्थ शिक्षक नरोत्तम यदु को साहित्य श्री सम्मान मिला। यदु छत्तीसगढ़ी भाषा में कविता रचनाएं करते हैं। इनकी कविताएं समसामयिक घटनाओं, तीजा पोरा, देश भक्ति, सामाजिक बुराइयों को दूर करने, प्रर्यावरण संदेश, जल जंगल जमीन की महत्ता विभिन्न रचनात्मक पहलुओं पर कविता लेख करते हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।



### आया सावन झूम के पर हुई गीतों की बरसात

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने कला, संस्कृति व आध्यात्म के संर्वधन व स्मरण करने सावन में आया सावन झूम के भाग 01 आयोजन किया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। संयोजक डॉ. देवांगन आस ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि हम हर पर्व को मिलकर मनाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में सावन पर आया सावन झूम के कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसमें पहले ही दिन प्रतिभाओं ने हिस्सा लेकर महादेव व सावन पर गीतों का बरसात कर मंत्रमुग्ध किया। महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, जिलाध्यक्ष दुर्ग होरीलाल चतुर्वेदी, विनोद कुमार सिंह आदि ने भी विचार प्रगट करते हुए शिकसा के कार्यक्रम की निरंतरता के लिए संयोजक आस को बधाई दी।

टीकाराम सारथी ने कहा यह मंच ही नवोदित प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर सम्मानित कर रहा हैं। कार्यक्रम में दिनेश दुबे, सुनीता चौधरी, धीरज रंगारी, शिव कुमार अंगारे, चन्द्र कुमार चन्द्रा, डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रेक्षा साहू, ज्योति नागरे, पुष्पांजलि ठाकुर, राजीव लोचन कश्यप, मोहित कुमार शर्मा, अनिता श्रीवास, राजीव गुप्ता, मंजू लता मेरसा आदि मौजूद थीं।

### मोटर सायकिल चोरी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने वाले युवक को पकड़ा है। कृष्णा नगर सुपेला का रहने वाला युवराज सोनी चोरी का मोटर सायकल बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही युवराज सोनी को कृष्णा नगर से घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी युवराज सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है। प्रार्थी पंकज कुमार निवासी केम्प-1 शास्त्री चैक भिलाई द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सर्कस मैदान संजय नगर सुपेला से मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस क्रमाक सीजी 07 एल.एच. 6253 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सेमरिया नाले पर पुल निर्माण का ग्रामीण को है बेसब्री से इंतजार

भूपेश सरकार के कार्यकाल में हो चुका है पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम बोरी स्थित सेमरिया नाला एक बार फिर से उफान पर है। जिले के बहुचर्चित सेमरिया नाले में नया पुल निर्माण कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा 20 सालों से की जा रही हैं।

यही नहीं सड़क से लेकर सदन तक कि लड़ाई ग्रामीणों द्वारा लड़ी गई, लेकिन उनके हाथों सफलता नहीं मिली। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय भी विधायक संगीता सिन्हा द्वारा बोरी के सेमरिया नाला पर पुल निर्माण कराने मांग की गई, इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने बजट में पास भी किया गया, इसके बाद यहां भूमिपूजन भी हो गया। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जब बजट में आ गया और भूमिपूजन भी हो गया, तो जल्द ही पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, लेकिन ग्रामीणों की उम्मीद पर एक बार फिर पानी फिर गया और नतीजा इस साल भी ग्रामीणों को बारिश के इस सीजन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्राम बोरी के सांथ हल्दी, बेलोदी, पसौद, चरवाही, निपानी, भेंगारी, सतमरा, सियनमरा सहित दर्जन भर से अधिक गांव के ग्रामीणों को आवागमन होता है। हालांकि इस पूरे मामले में सेतु विभाग से स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है, लेकिन ग्राम बोरी में पुल निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति मिल गई है, यह जानकारी सामने आ रही है।

इस मामले में ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच भूपेंद्र साहू ने बताया कि मुझे जानकारी मिली है कि पुल निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। वहीं आस पास के दर्जनभर गांवों के ग्रामीण भी पुल निर्माण की बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## सौगात : प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने नहीं जाना पड़ेगा बाहर

# बालोद में बनेगी नालंदा परिसर लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलेगा लाभ

### पैसों व समय की होगी बचत, खर्च करेंगे तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के युवाओं को नालंदा परिसर लाइब्रेरी के रूप में उपहार प्रदान किया है। उन्होंने राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों सहित











बालोद जिले के नगर पालिका परिषद बालोद अंतर्गत 200 सीटर लाइब्रेरी की स्वीकृति प्रदान की है।

बालोद जिलें में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने मुख्यमंत्री के इस फैसले को काफी सराहा है। जिले के युवा प्रमोद चन्द्राकर ने बताया कि वे पहले रायपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे, उन्होंने वहां नालंदा परिसर में भी पढ़ाई की है। जहां का वातावरण पूरी तरह परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा के अनुकुल होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री के फैसले को सराहते हुए कहा कि यह सुविधा अब बालोद जिले में भी मिलेगी इससे अन्य युवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही प्रीति साहू ने कहा कि राज्य शासन द्वारा नालंदा परिसर जैसा लाइब्रेरी बनाने का निर्णय बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में यह जिले के युवाओं के लिए बहुत ही सुविधाजनक साबित होगा। उन्होने कहा इससे सबसे अधिक लाभ उन बालिकाओं को होगा जो विभिन्न कारणों से जिला के बाहर नहीं जा पाते थे। इससे उनकी प्रतिभा दब जाती थी, अब सभी को समान अवसर मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे नवयुवक सौरभ देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री कि यह पहल बहुत ही सराहनीय है। हम सभी और भावी पीढ़ी के युवा बालोद में बनने वाले नालंदा परिसर में अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं।

#### बेहतर सुविधाएं मिलेंगी

इसी तरह बालोद शहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रें के युवती पायल देवांगन और नीलम यदु ने कहा कि नालंदा परिसर के तर्ज पर बालोद में भी लाइब्रेरी के निर्माण से हम सभी को पहले से बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। जिससे हमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी मदद मिलेगी।

# महिलाओं ने किया छायादार और फलदार पौधों का रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ संस्कार शाला परिसर में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति संगठन ने किया पौधारोपण

सावन माह में हो रही बारिश के बीच पर्यावरण को सहेजने बालोद शहर के संस्कार शाला परिसर में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति संगठन की महिलाओं ने फलदार व फूलदार पौधों का रोपण किया। संगठन की पूजा जैन, भारती बांडे, ममता यदु, पद्मिनी साहू, काजल चंद्राकर सहित अन्य संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

पूजा जैन व भारती बांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति संगठन बालोद जिला में लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने संगठन से जोड़कर धार्मिक व सामाजिक हितों को लेकर सक्रियता से काम कर रही हैं। संगठन की बहने छोटे बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने सहित अन्य गतिविधियों को भी बढ़ाने का काम कर रही है। बालोद जिले के अंतर्गत गुरुर, डौंडी लोहारा, दल्ली राजहरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रे में भी पौधारोपण का काम बहनें कर रही हैं। वही दुर्गावाहिनी भी सेवा, सुरक्षा, संस्कार के तहत संगठन की गतिविधियों से जुड़कर कार्य कर रही हैं। ममता यदु ने कहा कि विहिप संगठन से जुड़कर हम सब बहने आज सेवा के कार्य कर रही है। मन को बहुत खुशी मिल रहा है। आज स्कूल परिसर में हम सब ने पौधारोपण किया आगे भी बालोद शहर के अंदर इस प्रकार के कार्य जनसहभागिता से आगे भी करेंगे। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति संगठन जहाँ धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभा रही हैं।

वही जनसेवा व सेवा कार्यो को भी आगे बढ़ा रही है और महिला बहने अपने धर्म संगठन से जुड़ने आगे आ रही हैं।

# नगर में मानस तिहाई महोत्सव कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ आयोजन में प्रदेशभर की मंडलियां होंगी शामिल

नगर के कुन्दरूपारा स्थित रंगमंच में श्रीआराधना बालिका मानस परिवार व बाल बजरंग युवा समिति द्वारा दुर्गा रंगमंच में 26 से 28 जुलाई तक तीन–दिवसीय मानस तिहाई महोत्सव आयोजित किया गया है। जहां छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त 16 मानस मण्डलीयां अपनी प्रस्तुति देंगी।



श्री आराधना बालिका मानस परिवार की व्याख्याकार रविना रावटे ने बताया कि इस बार तीन दिनों तक आयोजित होने वाले मानस तिहार के पहले दिन 26 जुलाई को पूजन कार्यक्रम, कलश यात्रा के बाद शाम 5 बजे रामायण सुमारनी व राम कथा, स्वारंजलि मानस परिवार गातापार धमतरी और शाम 7 बजे साईं कृपा मानस परिवार जीवतरा महासमुन्द की प्रस्तुति होगी। वहीं आयोजन के दूसरे दिन 27 जुलाई को भोले मानस परिवार पारागांव राजिम, सीताराम बालिका मानस परिवार भोथली कुरूद, शुभांजलि मानस परिवार बरगाही राजनांदगांव, सरिता सत्संग मानस परिवार हसदा नंबर 1 राजिम, शारदा मानस परिवार भरदाभोड़ खैरागढ़, एकता बालिका मानस परिवार काकेतरा राजनांदगांव, पीपर के छाईहा मानस परिवार परसोदा कांकेर की प्रस्तुति होगी।

इसी तरह आयोजन के तीसरे दिन 28 जुलाई को वंदना मानस परिवार पड़कीभाट धमतरी, श्री राम दूत मानस परिवार मोरधा महासमुन्द, शारदा रानी मानस परिवार सोरीद महासमुंद, रुद्राक्ष मानस परिवार दुर्ग, श्री गोपेश्वर बालसखा मानस परिवार बिहाझर बागबहारा, गीता संदेश बालिका मानस परिवार बहोरनभेड़ी अंबागढ़ चौकी, श्री परमेश्वर मानस परिवार सेमहरतरा राजिम की प्रस्तुति होगी।

आयोजक परिवार के संचालक किशोर कुमार रावटे व पत्नी अरुणा रावटे ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में उनके बच्चों के द्वारा मेहनत और लगन से लगातार तीन सैलून से कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। आयोजक मण्डल के मुख्य सदस्य पूनम रावटे, पूजा यादव, सारिका रावटे, ओम प्रकाश सिन्हा सहित बाल बजरंग युवा समिति का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# लोक लुभावन साबित हो रहा केंद्रीय बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ आप के प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय बजट पर जारी की प्रतिक्रिया



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्र और प्रदेश की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ लोक लुभावन बजट है। इस बजट में गठबंधन की मजबूरियां साफ़ झलक रही है। इस बजट में अपने मुख्य सहयोगी दल जेडीयू और टीडीपी जैसे दलों को खुश करने का प्रयास साफ़ दिख रहा है, न तो किसानों को कोई राहत दी गई है और न ही नौजवानों को। इस सरकार से आम आदमी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

गोपाल साहू ने कहा छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की बात हो या विधानसभा की दोनों ही चुनावों में प्रदेश की जनता ने बीजेपी को बहुमत दिया, लेकिन इस बजट में छत्तीसगढ़ को कुछ नहीं मिला। छत्तीसगढ़ की जनता को बीजेपी ने ठगने का काम किया है। छत्तीसगढ़ की बड़ी आबादी कृषक है।

इनमें से ज्यादा आबादी, मनरेगा और कृषि क्षेत्र की नीतियों से प्रभावित है। हैरान करने वाली बात है, केंद्र सरकार के बजट में खेती के लिए कुछ नहीं है। मनरेगा जैसी योजना भी दरकिनार कर दी गई है। रोजगार के नाम पर भी सिर्फ़ मनोहर कहानियां सुनाई गई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप जैसे सेक्टर को लेकर युवाओं को इस बजट से बड़ी उम्मीद थी, लेकिन युवाओं को भी कुछ खास नहीं मिला। इतना ही नहीं महिला वित्त मंत्री होने के नाते महिलाओं को इस बार बड़ी उम्मीद थी कि महंगाई से छुटकारे के लिए केंद्र सरकार कुछ तो अलग करेगी, लेकिन वो भी ठगी महसूस कर रही है। गोपाल साहू ने कहा कर्ज से दबे छत्तीसगढ़ को वित्तीय प्रबंधन हेतु विशेष पैकेज केंद्र सरकार से मिलना चाहिए था, खास कर जब डबल इंजन की सरकार है।

इस डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ की जनता ठगी हुई महसूस कर रही है। न तो प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार जनता से किए वादे पूरी कर रही है और न ही केंद्र सरकार।

# शोक संतप्त परिवार से मिले भाजपा सदस्य

**डौण्डीलोहारा।** ग्राम भेड़ी में 3 वर्ष के बच्चे की नाले में बह जाने से मौत हो गई। इस मामले को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यकर्ता और सहायिका को निलंबित कर दिया गया है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को तीन वर्ष का नैतिक सिन्हा आंगनबाड़ी गया हुआ था।

फिर वह दोपहर में खेलते खेलते नाले के पास चला गया और बह गया। जिसका शव बुधवार को मिला। शोकाकुल परिजन के ग्राम भेड़ी निवास जाकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल एवं लाल निवेन्द्र ने शोक प्रकट करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिए। लाल निवेंद्र सिंह तथा भाजपा प्रतिनिधि द्वारा दस हजार रुपए की राशि सहयोग के रूप में दी गई। इस दुख की घड़ी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, हीरा ठाकुर, सुमेंद्र देशमुख, युवा नेता निखिल शर्मा, प्रकाश साहू, हिरेंद्र गायकवाड, देव देवांगन, भुवन यादव, रूद्र साहू तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### घर से नकदी ले उड़ा चोर

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत एक घर के अंदर घुसकर अज्ञात चोर नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। गगन गजपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जुलाई की सुबह 7 बजे सोकर उठा। फिर सिटकिनी खोलकर दरवाजा को टिकाकर सो गया था। टेबल में रखा ब्लैक रंग का लैपटॉप,मोबाइल,पर्स में रखा एटीएम,आधार कार्ड,वोटर आदि गायब था।

# महिलाओं ने नारी को सशक्त करने दिया संदेश



**अंडा।** ग्राम आलबरस में युवा प्रकोष्ठ द्वारा भरदा, चंगोरी परिक्षेत्र में सामाजिक जन जागरुकता अभियान आयोजित किया गया। इसमें संतोषी निषाद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष और विरेन्द्र निषाद युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शामिल हुए। संतोषी निषाद ने नारी को सशक्त करने के लिए आवाज उठाओ, शिक्षित समाज की आओ नींव बन जाओ नारी सशक्तिकरण से ही समाज को सशक्त करना है यही हमारा परम कर्तव्य है का संदेश दिया। साथ ही प्रत्येक गांव समाज में महिलाओं को पैसे जोड़कर समिति समूह एवं संगठन बनाकर आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया गया। विरेन्द्र निषाद युवा अध्यक्ष ने समाज में युवा, महिला प्रकोष्ठ का गठन करने की अपील की तथा सामाजिक संदेश के तहत दुर्ग जिले के अंतर्गत जिले में सभी परिक्षेत्रीय में जन जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। युवाओं को समाज में आगे लाने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित विनायक निषाद, रिखी राम निषाद, सियाराम निषाद, विनोद निषाद, भीम सिंह निषाद, खुमान निषाद, महेश निषाद, युवराज निषाद आदि शामिल हुए।




तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है



online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः- 7354-411411





रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 अगस्त 2024
19 सितंबर 2024
14 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)